राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, बिहार ब्रांच में 'आई केयर सेन्टर' का उद्घाटन किया

पटना, 16 दिसम्बर 2019

''आपदा के समय अपनी सेवाओं के अतिरिक्त पूरे एक वर्ष के लिए रेडक्रॉस सोसाइटी को अपनी कार्य–योजनाओं का एक 'वार्षिक–कैलेण्डर' तैयार करना चाहिए। इसी कैलेण्डर के अनुरूप निर्धारित तिथियों को पूरे राज्य में सभी जिला इकाइयाँ भी अपनी सामान्य गतिविधियाँ संचालित करें। ऐसा करने से सभी कार्यक्रमों का एक समेकित एवं पूरे राज्य में व्यापक प्रभाव पड़ेगा। स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप भी जिला इकाइयाँ अपने कार्यक्रमों की विशेष रूप–रेखा तैयार कर सकती हैं, जिसका अनुमोदन स्टेट ब्रांच कर दिया करेगा।''–उक्त उद्गार, महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने स्थानीय रेडक्रॉस सोसाइटी परिसर (गाँधी मैदान) में 'रेडक्रॉस आई केयर सेन्टर' का औपचारिक उद्घाटन करते हुए व्यक्त किये।

राज्यपाल श्री चौहान ने 50 रू॰ की निबंधन राशि पर 1500/–रू॰ में दवाओं सहित मोतियाबिन्द के ऑपरेशन के पुनीत कार्य को गरीब रोगियों के लिए अत्यन्त कल्याणकारी बताया। उन्होंने रेडक्रॉस सोसाइटी के बिहार ब्रांच की प्रशंसा करते हुए कहा कि बाढ़, भूकंप, अग्निकांड, शीतलहर, भीषण गर्मी आदि हर तरह की आपदाओं से त्रस्त लोगों की रेडक्रॉस सोसाइटी सेवाएँ करती है। साथ ही 'रक्त–अधिकोष' (Blood Bank) की गतिविधियों का भी काफी बेहतर ढंग से सोसाइटी द्वारा संचालन होता है। उन्होंने कहा कि 'पॉली–क्लीनिक' में गरीबों के लिए न्यूनतम खर्च पर चिकित्सा– सुविधाएँ उपलब्ध करायी जा रही हैं। पॉली–क्लीनिक में दन्त चिकित्सा, एक्यूप्रेशर एवं फीजियोथैरापी आदि की सुविधाएँ भी उपलब्ध हैं। 'पॉली–क्लीनिक' में सभी प्रमुख रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक प्रत्येक सप्ताह अपनी मानद सेवाएँ गरीबों के लिए उपलब्ध कराते हैं। यह अत्यन्त सराहनीय है।

राज्यपाल श्री चौहान ने कहा कि विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में 'रेडक्रॉस क्लबों' की स्थापना के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है, ताकि युवाओं को भी रेडक्रॉस की गतिविधियों से जोड़े जाने में सफलता मिल सके।

राज्यपाल ने कहा कि रेडक्रॉस सोसाइटी, बिहार ब्रांच को आवश्यक सहायता के लिए वे भी राज्य सरकार को कहेंगे। उन्होंने रेडक्रॉस सोसाइटी को सेवाएँ देनेवाले चिकित्सकों और कार्यकर्त्ताओं की प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दी।

कार्यक्रम में स्वागत–भाषण करते हुए रेडक्रॉस सोसाइटी, बिहार ब्रांच के चेयरमैन डॉ॰ बी॰बी॰ सिन्हा ने संस्था की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में संस्था के उपाध्यक्ष श्री उदय शंकर प्रसाद सिंह तथा वाइस प्रेसिडेंट डॉ॰ डी॰के॰ श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किये। धन्यवाद–ज्ञापन कोषाध्यक्ष श्री दिनेश कुमार जायसवाल ने किया महामहिम राज्यपाल ने रेडक्रॉस की विभिन्न शाखाओं एवं 'रक्त अधिकोष' को भी समारोह के पूर्व देखा एवं इसकी प्रशंसा की। कार्यक्रम में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री ब्रजेश मेहरोत्रा भी उपस्थित थे।

....